देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 138 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**
एनआरए के गठन को मंजूरी



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 30 अगस्त 2020



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 24.0° | 38040.57

2 कमला हैरिस में काबिलियत नहीं

7 सीएसके की नहीं थम रहीं मुश्किलें

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे के बड़े अधिकारी के सरकारी आवास पर पत्नी–बेटे की हत्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पॉश इलाके गौतमपल्ली में डबल मर्डर की वारदात सामने आई है। वारदात भारतीय रेल यातायात सेवा (आईआरटीएस) के वरिष्ठ अधिकारी आरडी बाजपेयी के सरकारी आवास पर हुई है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, बदमाशों ने बाजपेयी के घर में घुसकर उनकी पत्नी और बेटे को गोली मार दी। मर्डर से राजधानी में सनसनी फैल गई है। मौके पर भारी पुलिस फोर्स मौजूद है। खुद डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी मौके पर पहुंचे हैं। लखनऊ पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडेय ने घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल का दौरा किया।

### गृह मंत्री अमित शाह हुए स्वस्थ, जल्द मिल सकती है छुट्टी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस से ठीक होने के बाद सेहत से जुड़ी कुछ समस्याओं को लेकर दिल्ली एम्स में भर्ती केंद्रीय गृह मंत्री अब पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं। एम्स ने बयान जारी कर बताया कि गृह मंत्री ठीक हो चुके हैं और उन्हें जल्द ही डिस्चार्ज किया जाएगा। शाह 18 अगस्त को पोस्ट–कोविड केयर के लिए दिल्ली एम्स में भर्ती हुए थे। इसी महीने 2 अगस्त को गृह मंत्री अमित शाह की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी जिसके बाद वह गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती हुए थे।

### रिया चक्रवती से लगातार दूसरे दिन भी कड़ी पूछताछ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुबंई। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में मुख्य आरोपी रिया चक्रवर्ती लगातार दूसरे दिन पूछताछ के लिए डीआरडीओ के गेस्ट हाउस पहुंची। इसके साथ ही सुशांत सिंह राजपूत के चार्टेड अकाउंटेंट संदीप श्रीधर डीआरडीओ गेस्ट हाउस पहुंचे हुए हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारी यहीं ठहरे हुए हैं और यहीं पूछताछ भी हो रही है। वहीं, इसके पहले रिया चक्रवर्ती यहां मुंबई पुलिस की सुरक्षा में पहुंची।

# पाकिस्तान की साजिश बेनकाब

## जम्मू–कश्मीर के सांबा में बॉर्डर पर मिली सीक्रेट सुरंग

■आतंकियों को भेजने में होती थी इस्तेमाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सांबा। पाकिस्तान की ओर से जम्मू–कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ कराने में इस्तेमाल होने वाली एक सुरंग को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने खोज निकाला है। बीएसएफ के अधिकारियों का कहना है कि यह सुरंग पूरी प्लानिंग के साथ बनाई गई है और इसमें पाकिस्तान की भी मिलीभगत है।

बीएसएफ ने कहा है कि पाकिस्तान के सामने भी यह बात रखी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि यह सुरंग जीरो लाइन से लगी हुई है और इसकी लंबाई लगभग 20 मीटर है। बताया गया है कि यह सुरंग पाकिस्तान में शुरू होती है और सांबा सेक्टर में काफी अंदर आकर खत्म होती है। जो बोरियां इसे बनाने में इस्तेमाल हुई हैं, वो पाकिस्तान के कराची में स्थित एक पॉलिमर कंपनी की हैं। भारत में यह सुरंग लगभग 20 मीटर लंबी है और 3–4 फीट चौड़ी है। सुरंग का मुहाना भारत की ओर इंटरनैशनल बॉर्डर से 170 मीटर अंदर मिला है।

जम्मू में बीएसएफ के आईजी एनएस नरवाल ने कहा, श्जो रेत की बोरियां सुरंग में इस्तेमाल हुई हैं, उसमें पाकिस्तान की मार्किंग है। यह दर्शाता है कि सुरंग पूरी प्लानिंग और इंजनियरिंग लगाकर ही बनाई गई है। बिना पाकिस्तानी रेंजर्स और अन्य एजेंसियों की सहमति और सहयोग के इतनी बड़ी सुरंग बनाना संभव ही नहीं है।

**बाकी सुरंगों की खोज के लिए जारी है अभियानः** बीएसएफ ने पूरे इलाके में बड़ा अभियान चलाया है ताकि पता लगाया जा सके कि कहीं और भी ऐसी सुरंगें तो नहीं हैं। इसके साथ ही, इस मिली सुरंग को लेकर विश्लेषण किया जा रहा है, जिसका इस्तेमाल संभवतरू आतंकवादियों की घुसपैठ और मादक पदार्थों तथा हथियारों की तस्करी के लिए किया गया हो। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ महानिदेशक राकेश अस्थाना ने सीमा पर तैनात कमांडरों को निर्देश दिया है कि वे सुनिश्चित करें कि सीमा पर घुसपैठ रोधी प्रणाली प्रभावी रहे और इस सीमा पर कोई खामी नहीं रहे।

बताया गया कि हाल में हुई बारिश के बाद कुछ स्थानों पर जमीन धंसने से बीएसएफ को आशंका हुई। अधिकारी ने बताया कि सुरंग का पता लगाने के लिए तत्काल मशीन मंगाई गई, मौके पर निरीक्षण करने पर पता चला कि सुरंग निर्माणाधीन है, जिसकी लंबाई करीब 20 मीटर है। सूत्रों के मुताबिक, सुरंग करीब 25 फुट की गहराई में बनाई गई थी और यह बीएसएफ की 'व्हेलबैक' सीमा चौकी के नजदीक खुलती है। उन्होंने बताया कि बीएसएफ ने ऐसे अन्य किसी गुप्त ढांचे का पता लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बड़ा अभियान चलाया है।

### पाकिस्तान से की जाएगी शिकायत

आईजी एन एस नरवाल ने आगे कहा, श्सांबा इलाके में ऐसी सुरंग के बारे में हमें काफी समय से इनपुट्स मिल रहे थे। शुक्रवार को एक स्पेशल टीम ने इस सुरंग को खोज ही निकाला। यह सुरंग जीरो लाइन से लगकर लगभग 20 मीटर लंबी है। सुरंग के मुंहाने पर बाकायदा रेत की बोरियां लगाकर इसे ठोस बनाया गया है। इस बारी में पाकिस्तानी प्रशासन से बात की जाएगी और उनसे दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मागं की जाएगी।





# आजादी के 75 सालों बाद लोकतंत्र और संविधान पर खतरा

## सोनिया गांधी का बिना नाम लिए मोदी सरकार पर हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रायपुर। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बिना नाम लिए नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू और बीआर आंबेडकर जैसे हमारे पूर्वजों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि आजादी के 75 सालों के बाद देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में होगा और लोकतांत्रिक संस्थाओं को बर्बाद किया जाएगा। नवा रायपुर में शनिवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा की नई बिल्डिंग के लिए आधारशिला रखने के कार्यक्रम के लिए अपने रिकॉर्डेड वीडियो संदेश में सोनिया ने आरोप लगाया कि देशविरोधी और गरीब विरोधी ताकतें भारत में नफरत और हिंसा का जहर फैला रही हैं।

**खतरे में अभिव्यक्ति की आजादी, लोकतांत्रिक संस्थाओं को बर्बाद किया जा रहाः** उन्होंने कहा कि देशविरोधी और गरीब विरोधी ताकतें भारत में नफरत और हिंसा का जहर फैला रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि देश की लोकशाही पर तानाशाही का असर बढ़ता ही जा रहा है। अपने संबोधन में सोनिया ने कहा कि देश के संस्थापकों ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी कि आजादी के 75 सालों के बाद संविधान और लोकतंत्र खतरे में होगा क्योंकि बुरी सोच का अब बोलबाला है, अभिव्यक्ति की आजादी खतरे में है और लोकतांत्रिक संस्थाओं को बर्बाद किया जा रहा है।

बिना किसी का नाम लिए सोनिया ने कहा कि वो देश के लोगों की आवाज दबाना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि देश, हमारे युवा, हमारे आदिवासी लोगों, हमारी महिलाएं, हमारे किसान, दुकानदार और छोटे कारोबारी, जवान सभी अपना मुंह बंद रखे।

### चुनाव नहीं कराए तो पार्टी 50 साल विपक्ष में ही रहेगी: गुलाम

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद अपने स्टैंड पर कायम हैं। उन्होंने साफ कहा है कि कांग्रेस कार्यसमिति समेत संगठन के प्रमुख पदों के लिए चुनाव होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग चुनाव का विरोध कर रहे हैं, वे अपना पद जाने से डर रहे हैं। आजाद ने यहां तक कहा कि चुनाव होना चाहिए क्योंकि नियुक्त किए गए कांग्रेस अध्यक्ष के पास शायद एक प्रतिशत सपोर्ट भी न हो। आजाद ने कहा कि अगर पार्टी को कोई चुनी हुई इकाई लीड करती है तो ही उसकी स्थिति बेहतर होगी, नहीं तो कांग्रेस अगले 50 साल तक विपक्ष में बैठती रहेगी।

# कृषि में स्टार्ट अप के नये–नये रास्ते खुल रहे है: पीएम मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

झांसी। उत्तर प्रदेश में पिछड़ेपन का दंश झेल रहे बुंदेलखंड को केंद्र की नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार मुख्यधारा में लाने के प्रयास में हैं। इसी क्रम में शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने झांसी में रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कॉलेज और प्रशासन भवनों का उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान कहा कि कभी रानी लक्ष्मीबाई ने बुंदेलखंड की धरती पर गर्जना की थी– मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी। आज एक नई गर्जना की आवश्यकता है, मेरी झांसी–मेरा बुंदेलखंड। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के लिए अब झांसी का यह कृषि विश्वविद्यालय पूरी ताकत लगा देगा, एक नया अध्याय लिखेगा। यह तो तय है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के लिए कृषि की बहुत बड़ी भूमिका की है। उन्होंने कहा कि कृषि में स्टार्ट अप के नये–नये रास्ते खुल रहे हैं। अब तो बीज से लेकर बाजार भी तकनीक पर आधारित हैं। कृषि क्षेत्र में भी अब तकनीक के प्रयोग से फसल में इजाफा होने से किसान भी पहले से बेहतर की स्थिति में हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब हमारी सरकार का प्रयास तो कृषि में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के साथ किसानों को एक उत्पादक के साथ ही उद्यमी बनाने का भी है।

### प्रयास

**देश में तीन केंद्रीय एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटीज**

पीएम मोदी ने कहा कि छह वर्ष पहले जहां देश में सिर्फ एक केंद्रीय कृषि विश्विद्यालय था, आज तीन केंद्रीय एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटीज देश में काम कर रही हैं। इसके अलावा तीन और राष्ट्रीय संस्थान आइएआरए झारखंड, आइएआरए असोम तथा बिहार के मोतीहारी में महात्मा गांधी इंट्रीग्रेटेड फार्मिंग की स्थापना की जा रही है।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# एक भी मुस्लिम को नहीं देंगे शरण: पोलैंड सांसद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वारसा। स्वीडन में कुरान को लेकर भड़के दंगों के बीच पड़ोसी देश पोलैंड के सांसद का बयान चर्चा का विषय बना हुआ है। एक टीवी चैनल के साथ बातचीत में सांसद डोमिनिक टार्जीस्की ने कहा कि पोलैंड इसलिए सुरक्षित है क्योंकि यहां मुस्लिम शरणार्थियों का प्रवेश प्रतिबंधित है। दुनियाभर के मुस्लिम देश पोलैंड पर इस्लामोफोबिक होने का आरोप लगाते रहे हैं। इस देश ने यूरोपीय यूनियन के आव्रजन नीति को भी खारिज करते हुए मुस्लिमों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। वायरल हो रहे वीडियो में न्यूज चौनल की एंकर ने सांसद डोमिनिक टार्जीस्की से सवाल पूछा कि पोलैंड ने कितने शरणार्थियों को शरण दी है? जिसके जवाब में सांसद ने कहा कि शून्य। उन्होंने आगे कहा कि अगर आप मुझसे मुस्लिम अवैध प्रवासियों के बारे में पूछ रही हैं तो हम एक को भी अपने यहां शरण नहीं देंगे। हमने 20 लाख से अधिक यूक्रेन के शरणार्थियों को पनाह दी है, जो यहां काम कर रहे हैं और पोलैंड शांतिपूर्ण है।

### स्वीडन में कुरान को लेकर दंगों के बीच सांसद का विवादास्पद बया